भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 2414
सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023/27 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

एकीकृत धार्मिक पर्यटन स्थलों **द्वारा** धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना

2414. श्री हेमन्त पाटिल:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का हिंगोली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले धार्मिक पर्यटन स्थलों का विकास करके उक्त तीर्थ स्थलों को एकीकृत करके धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो वित्तीय परिव्यय का ब्यौरा क्या है और उसकी स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान' (प्रशाद) तथा 'स्वदेश दर्शन' (एसडी) योजनाओं के अंतर्गत देश भर में धार्मिक स्थलों सहित पर्यटक गंतव्यों में अवसंरचना विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इन योजनाओं के तहत गंतव्यों की पहचान और परियोजनाओं का अनुमोदन एक सतत प्रक्रिया है जो योजनाओं के तहत निधियों की उपलब्धता, पूर्व में जारी की गई निधि के संबंध में लंबित उपयोगिता प्रमाण-पत्र की प्रस्तुति, पहले अनुमोदित परियोजना की वास्तविक प्रगति और संगत योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन इत्यादि की शर्त पर संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है।

इस मंत्रालय ने देश में अब तक प्रशाद योजना के तहत 46 परियोजनाएं और स्वदेश दर्शन के तहत कुल 76 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं, जिनमें धार्मिक स्थल भी शामिल है। इसके अतिरिक्त इन दोनों योजनाओं के तहत विकास के लिए नए स्थलों को चिन्हित किया गया है। महाराष्ट्र में विकास के लिए स्वीकृत/चिह्नित परियोजनाओं का ब्यौरा नीचे संलग्न है:-

स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

क्र. सं.	योजना	परियोजना का नाम	संस्वीकृति वर्ष	लागत (करोड़ रु. में)
1.	प्रशाद	त्रियंबकेश्वर, नासिक का विकास	**2017-18**	**52.92**

2.	स्वदेश दर्शन	सिंधुदुर्ग - सागरेश्वर, तरकर्ली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभाव का विकास	**2015-16**	**19.06**
3.	स्वदेश दर्शन	वाकी - अडासा - धापेवाडा - परादसिंघा - तेलंखंडी - गिराड का विकास	**2018-19**	**53.96**

नए चिह्नित परियोजनाओं/स्थलों/गंतव्यों की सूची

क्र.सं.	योजना	परियोजना
1.	प्रशाद	श्री गुरूसनेश्वर शिवालय, औरंगाबाद तुलजापुर, उस्मानाबाद श्री क्षेत्र राजूर, गणपति मंदिर जालना
2.	स्वदेश दर्शन 2.0	सिंधू दुर्ग

****